हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
मेट्रो सिटी
नागपुर, सोमवार, 2 दिसंबर 2024

## नागपुर हवाई अड्डे के पास मिला आपातकालीन सिग्नल


**नागपुर।** नागपुर में डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के निकट एक आपातकालीन लोकेटर ट्रांसमीटर (ईएलटी) सिग्नल मिलने से तीन घंटे तक अफरातफरी मची रही। इस घटना से महाराष्ट्र के नागपुर में तीन घंटे तक दहशत फैल गई। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। बता दें कि यह सिग्नल किसी विमान के गिरने या विमान दुर्घटना के बाद लोगों के संकट में फंसे होने की जानकारी देता है। ईएलटी बैटरी संचालित ट्रांसमीटर है जो सिग्नल भेजता है और इसे विमान के संकट में घिरे होने पर स्वचालित रूप से सक्रिय होने के लिए डिजाइन किया गया है। इसे पायलट कॉकपिट में एक स्विच का उपयोग करके मैन्युअल रूप से भी सक्रिय कर सकता है। एक अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास उत्तर पूर्वी हवाई क्षेत्र में हिंगना पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत मोहगांव जिल्पी के पास हवाई यातायात नियंत्रण ने ईएलटी सिग्नल का पता लगाया।

# जनसंख्या में कमी चिंता का विषय

## संघ प्रमुख भागवत बोले- 3 बच्चे पैदा करें

**नागपुर।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने जनसंख्या नीति को लेकर अहम बयान दिया है. उन्होंने रविवार को नागपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि यह जरूरी है कि जनसंख्या की औसत वृद्धि दर 2.1 से नीचे न जाए. हमारे लिए यह जरूरी है कि दो या तीन बच्चे पैदा किए जाएं। ऐसा जनसंख्या विज्ञान कहता है और यदि औसत आंकड़ा 2.1 का ही रहा तो फिर बिना किसी खतरे के ही पृथ्वी से मानवता समाप्त हो जाएगी. आबादी यदि ऐसे ही कम होने की दर बनी रही तो फिर कई भाषाएं और सभ्यताएं खत्म होने के कगार पर पहुंच जाएंगी.



मोहन भागवत ने कहा, 'आबादी का घटना चिंता का विषय है. आधुनिक जनसंख्या विज्ञान कहता है कि जब जन्म दर 2.1 से नीचे जाती है तो फिर धरती से मानवता ही खत्म होने का खतरा पैदा हो जाता है. ऐसी स्थिति में समाज खत्म हो जाता है, जबकि उसके आगे कोई प्रत्यक्ष संकट नहीं होता. ऐसी स्थिति में कई भाषाओं और सभ्यताओं के खत्म होने का खतरा होता है. देश की जनसंख्या नीति 1998 या 2002 में तय हुई थी. जनसंख्या की औसत वृद्धि दर 2.1 से कम नहीं होनी चाहिए. हमारे लिए यह जरूरी है कि दो या तीन बच्चे हों. आबादी की जरूरत है क्योंकि समाज का अस्तित्व रहना चाहिए.'

आरएसएस की ओर से कई बार यह बात दोहराई जा चुकी है कि देश में जनसंख्या का असंतुलन बढ़ रहा है. खासतौर पर हिंदुओं की आबादी का प्रतिशत भारत में कम होने को लेकर मोहन भागवत कई बार चिंता जता चुके हैं. वह कहते रहे हैं कि भारत में हिंदुओं का बहुसंख्यक रहना जरूरी है और देश के मूल्य इसी के चलते सुरक्षित बने हुए हैं. गौरतलब है कि कई रिपोर्ट्स में यह कहा जा चुका है कि मुस्लिमों की आबादी का प्रतिशत आजादी के बाद से अब तक बढ़ा है, जबकि हिंदुओं की आबादी का प्रतिशत 80 के करीब आ चुका है, जो कभी 88 के आसपास था.

### भागवत के बयान पर विपक्ष ने दी प्रतिक्रिया

भागवत के बयान पर समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रवक्ता फखरुल हसन चांद ने कहा कि पिछले कुछ समय से मोहन भागवत जो कुछ कहते हैं, उससे भाजपा को असहज हो जाती है। पिछली बार भी जब भागवत ने कहा था कि हर मस्जिद में मंदिर क्यों ढूंढना, तब भी भाजपा के पास कोई जवाब नहीं था. भाजपा पूरे देश की जनसंख्या को लेकर राजनीति कर रही है. कांग्रेस नेता उमंग सिंघर ने कहा कि मोहन भागवत चीन से सीख नहीं ले पा रहे और वो जनसंख्या के मामले में देश को शक्तिशाली बनाना चाहते हैं.

## सिर्फ एक उम्मीदवार ने ईवीएम जांच के लिए दिये 3 लाख

**नागपुर।** विधानसभा चुनाव में मतदान के दिन शाम 5 बजे से रात 11.30 बजे के बीच बढ़े हुए मतदान प्रतिशत पर महाविकास अघाड़ी और अन्य विपक्षी दलों ने आपत्ति जताई है. मतदान में इस वृद्धि के कारण, साथ ही इस तथ्य के कारण कि कई निर्वाचन क्षेत्रों मेंकई उम्मीदवारों को बराबर वोट मिले हैं, जबकि कुछ स्थानों पर, ईवीएम पर वोट अधिक हैं और वास्तविक मतदान कम है, चुनाव प्रक्रिया पर संदेह पैदा हो गया है. कांग्रेस ने चुनाव आयोग से शिकायत की है. हालांकि, नागपुर जिले से केवल एक उम्मीदवार ने ईवीएम और वीवीपीएटी में दर्ज वोटिंग डेटा के मिलान यानी मेमोरी वेरिफिकेशन के लिए चुनाव आयोग में आवेदन किया है.



ईवीएम और वीवीपैट की मेमोरी सत्यापन के लिए प्रति मशीन 40,000 रुपये की राशि और 18% जीएसटी जमा करना होगा. आयोग के तकनीकी विशेषज्ञों की टीम डेटा को सार्वजनिक रूप से सत्यापित करती है. यदि शिकायत सही पाई जाती है, यानी ईवीएम डेटा और पर्ची के बीच कोई विसंगति है, तो कार्रवाई की जाती है और शिकायतकर्ता को पूरा शुल्क वापस कर दिया जाता है. शिकायत सही न होने पर फीस जब्त कर ली जाती है.

सत्यापन के लिए मतगणना के सात दिन के भीतर आवेदन करना होता है. ईवीएम डेटा यानी मेमोरी और वीवीपैट स्लिप को 45 दिनों तक सुरक्षित रखा जाता है. अगर किसी को कोई आपत्ति है तो कोर्ट जाने के लिए यह अवधि दी जाती है. इसलिए 45 दिन बाद ही ईवीएम की जांच होती है.

वोटों की गिनती 23 नवंबर को हुई थी. ईवीएम सत्यापन के लिए आवेदन करने की समय सीमा शनिवार को समाप्त हो गई. लोकतंत्र में जहां उम्मीद की जाती है कि चुनाव पारदर्शी तरीके से कराए जाएं, वहीं विपक्ष की ओर से लगातार आरोप लगाए जा रहे हैं कि ईवीएम के जरिए चुनावों को प्रभावित किया जा रहा है. विभिन्न संगठनों ने आंदोलन का रुख अख्तियार कर लिया है. समय-समय पर ईवीएम को लेकर संदेह व्यक्त किया जाता रहा है. कई लोगों ने मशीन खराब होने की आशंका जताते हुए उसे हैक करने का दावा किया। इस विवाद को देखते हुए बैलेट पेपर पर वोटिंग की मांग की जा रही है.

## पुलिस क्वॉर्टर के सामने गंदगी का साम्राज्य

**नागपुर।** नागपुर पश्चिम में स्थित गिट्टीखदान पोलिस स्टेशन के समीप ही पुलिस कर्मचारी वसाहत है. इसके अलावा दुकानें, रामदेव बाबा इंजीनियरिंग कॉलेज आदि भी है. इसी कारण रोड से लोगों का आना बना लगातार बना रहता है. यहा सफाई व्यवस्था संतोष जनक नहीं है. पुलिस कर्मचारी कॉर्टर के सामने स्वच्छता की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है, जिस कारण यहां गंदगी का साम्राज्य है। इससे दुर्गंध फेल रही है, जानवर कचरा खा रहे हैं और गंदगी के कारण मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ रहा है.



दूसरी ओर फुटपाथ नहीं है. विद्यार्थी और जनसाधारण को रोड़ पर ही चलना पड़ता है. इससे यातायात व्यवस्था लड़खड़ा जाती है. जमाअत ए इस्लामी हिंद नागपूर के मीडिया प्रभारी डॉ.एम.ए.रशीद ने प्रशासन से मांग की है कि उपरोक्त दोनों समस्याओं पर ध्यान देकर उनका शीघ्र ही निराकरण करना चाहिए.

## उपराजधानी में एक घंटे तक हुआ श्रमदान


**नागपुर।** महानगरपालिका के पहली तारीख, एक घंटा श्रमदान में अभियान के तहत शहर 10 जोन अंतर्गत प्रभागों में सफाई अभियान का आयोजन किया गया. इस अवसर पर रविवार 1 दिसंबर की सुबह घनकचरा व्यवस्थापन कक्ष के उपायुक्त विजय देशमुख और डॉ.गजेन्द्र महल्ले ने सक्करदरा तालाब के समीप सफाई की, जबकि संबंधित जोन के सहायक आयुक्त के नेतृत्व में 10 जोन के अलग-अलग प्रभाग में सफाई की गई. अभियान के तहत लक्ष्मीनगर के एफसीआई गोदाम परिसर अजनी के प्रभाग क्रमांक 16, धरमपेठ के शंकरनगर में प्रभागक्रमांक 15, हनुमाननगर के सावित्रीबाई फुले झोपड़पट्टी के प्रभाग 32, धंतोली जोन के बनर्जी ले आऊट के प्रभाग क्रमांक 33, नेहरूनगर जोन अंतर्गत दिघोरी फ्लायओवर के समीप प्रभाग क्रमांक 30, गांधीबाग जोन अंतर्गत कुंभार टोली के प्रभाग क्रमांक 22, सतरंजीपूरा जोन अंतर्गत खड़ा कारखाना के प्रभाग क्रमांक 5, लकड़गंज जोन अंतर्गत हिवरी नगर के प्रभाग क्र. 23, आसीनगर जोन अंतर्गत दिक्षित नगर नारी के प्रभाग क्रमांक 2 और मंगलवारी जोन अंतर्गत बाबा फरीद नगर के प्रभाग क्रमांक 11 में स्वच्छता की गई.

ब्लैक स्पाट वाले स्थानों का चयन पहली तारीख, एक घंटा स्वच्छता अभियान के तहत प्रत्येक जोन के ब्लैक स्पाट को चिन्हित किया गया है. प्रभाग में कचरा संकलन कर ब्लैक स्पाट वाली जगहों की सफाई कर नागरिकों को नियमित रूप से साफ करने का आवाहन भी किया गया. शहर में अनुमानित रूप से करीब 400 से अधिक ब्लैक स्पाट मौजूद है। मनपा के घनकचरा व्यवस्थापन कक्ष से ब्लैक स्पाट को समाप्त करने पर जोर दिया जा रहा है.

## नागपुर से जल्द शुरू होगी जयपुर के लिए उड़ान

**नागपुर।** ऑरेंज सिटी के लोग नागपुर से जयपुर के लिए सीधी उड़ान शुरू करने की डिमांड पिछले कई वर्षों से कर रहे हैं. लोगों की बढ़ती डिमांड को देखते हुए 1 वर्ष पहले इसे मंजूरी भी मिली थी लेकिन बावजूद इसका श्रीगणेश नहीं हो पाया, परंतु अब अगले 15 से 20 दिनों में इस उड़ान का शेड्यूल आने की जानकारी सूत्रों से मिली है. इसके चलते जल्द ही लोगों को जयपुर के लिए सीधी उड़ान की सौगात मिल सकती हैं.

एयरलाइंस कंपनी इंडिगो ने 1 वर्ष पहले ही इसके लिए डायरेक्टोरेट



जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) से मंजूरी ली थी. बावजूद इसके आंतरिक गड़बड़ियों के चलते भी यह सेवा शुरू नहीं हो पाई थी. इसके चलते लोगों का उड़ान शुरू होने का इंतजार और लंबा होते चला गया परंतु अब सारी समस्या हल होने से यह जल्द शुरू हो सकती है.

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, इंडिगो 15 दिसंबर से बेंगलुरु के लिए चौथी उड़ान शुरू करने जा रही है. यह उड़ान रात 11.50 बजे नागपुर एयरपोर्ट से रहेगी। इसकी शुरुआत होने से नागपुर से बेंगलुरु के लिए उड़ानों की संख्या बढ़कर 4 हो जाएगी. नागपुर से सुबह 7.25 बजे फ्लाइट उड़ान भरती है जो कि बेंगलुरु में सुबह 9.05 बजे पहुंचती है. एक उड़ान शाम 7.30 बजे और तीसरी रात 10.10 बजे की है. अब चौथी उड़ान रात 11.50 बजे शुरू करने का निर्णय लिया है। इसके अलावा बेंगलुरू के लिए स्टार एयर की उड़ानें भी हैं लेकिन इसका शेड्यूल ही अपडेट नहीं रहता। इसलिए लोग इंडिगो की ही सेवा लेते हैं.

**शुरू हो सकती है नई एयरलाइंस**

अभी नागपुर से इंडिगो, एयर इंडिया, एयर अरेबिया व स्टार एयर जैसी कंपनियों की सुविधा लोगों को मिलती है। यहां से सबसे अधिक उड़ानों का परिचालन इंडिगो द्वारा किया जाता है. लेकिन गर्मी के सीजन में अकासा एयर भी अपना परिचालन शुरू कर सकती है. सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, अकासा एयर ने नागपुर से दिल्ली और मुंबई के लिए मंजूरी ली है. इसके शुरू होने से लोगों को और अधिक सुविधा हो सकती है. साथ ही किराये में भी राहत मिल सकती है.

## कांग्रेस ने शेलके को भेजा कारण बताओ नोटिस


**नागपुर।** नागपुर मध्य विधानसभा चुनाव से कांग्रेस के उम्मीदवार हृषिकेश उर्फ बंटी बाबा शेलके की महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 में हार हुई है. उनकी इस हार के बाद बंटी शेलके ने हार का गुस्सा महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले पर जमकर आरोप लगाए है. इतना ही नहीं उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का एजेंट तक घोषित कर दिया है. बंटी शेलके की इस हरकत का उन्हें जल्द ही परिणाम भी देखने को मिला है, क्योंकि महाराष्ट्र की कांग्रेस पार्टी ने उनके खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया है. पार्टी ने बंटी शेलके से लिखित में स्पष्टीकरण मांगा है और इसके लिए दो दिन का समय दिया है. पार्टी ने कांग्रेस और नाना को बदनाम करने के लिए उन्हें निलंबित करने की भी बात की है. मीडिया से बात करते हुए बंटी शेलके ने कहा कि नाना पटोले को कांग्रेस से निकालकर आरएसएस में भेज देना चाहिए. उन्होंने कहा कि नाना के काम आरएसएस के एजेंडे के अनुरूप हैं. साथ ही पूर्व नगरसेवक ने नाना पटोले पर उनके जीत के अभियान को कमजोर करने का भी आरोप लगाया।

## श्री राम-जानकी विवाहोत्सव 5 से

### > धूमधाम से निकलेगी श्री राम की बारात

**नागपुर।** **सिया** रघुवीर सेवा फ़ाउंडेशन के तत्वावधान में 5 से 7 दिसंबर तक शक्तिधाम राम मंदिर प्रांगण, नयापुरा, इतवारी में श्री राम- जानकी विवाहोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। श्री राम- जानकी के विवाहोत्सव का यह 19वां वर्ष है.

आयोजक सिया रघुवीर सेवा फॉउंडेशन ने जानकारी देते हुए बताया कि 5 दिसंबर को शाम 6 बजे से विशेष आकर्षण दिव्यांग नृत्य प्रतियोगिता होगी. इसी के साथ सांस्कृतिक नृत्य प्रतियोगिता शाम 7.30 बजे से आरम्भ होगी. 6 दिसंबर को शाम 6 बजे से श्री राम-जानकी की मागरमाटी, हल्दी, मेहंदी, भव्य श्रृंगार व भजन संध्या होगी.



विवाहोत्सव के मुख्य दिवस 7 दिसंबर को सुबह 8 से 10 बजे तक महादेव अभिषेक होगा. पश्चात श्री रामजी की बारात प्रस्थान दोपहर 12 बजे होगी। श्रीराम जानकी का मंगल विवाह दोपहर 3 बजे से 6 बजे तक होगा. मंगल गीत प्रस्तुति वेद मिश्रा एंड ग्रुप करेंगे. शाम को 6 बजे से भव्य महाप्रसाद का आयोजन होगा। विवाहोत्सव में अयोध्या पक्ष के यजमान विक्रांत पलांदुरकर, अनुश्री पलांदुरकर परिवार हैं. वहीं जनकपुरी पक्ष के यजमान जगदीश नरड, कविता नरड परिवार हैं.

कार्यक्रम के सफ़लतार्थ अध्यक्ष पंकज मिश्रा,निदेशक जयपाल ढींगरा, अमित सिन्हा,कोषाध्यक्ष विजय पांडे,अतुल खोब्रागडे,सोनू दुबे,बबनराव औरंगपुरे, रघुनाथ स्वामी, धर्मेंद्र शाहू, आदेश केशरवानी, युवा मंडल व मातृ शक्ति प्रयासरत हैं.

# रविवार शाम कई लोगों की फोन पर नहीं हो सकी बात

## यूपीआई ऑनलाइन भुगतान में भी आई दिक्कत

**नागपुर।**

आज की आधुनिक दुनिया में हर चीज मोबाइल फोन से इस कदर जुड़ गई है कि कोई भी काम मोबाइल फोन के बिना नहीं होता है. फ़ोन पर किसी से संपर्क न कर पाना एक निराशाजनक स्थिति है. कुछ ऐसा ही अनुभव रविवार को नागपुर के लोगों को हुआ.

शहर के विभिन्न हिस्सों से शिकायतें आ रही थीं कि नागपुरवासियों को कॉल करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. खासतौर पर जियो टेलीकॉम ग्राहकों को इस समस्या का ज्यादा सामना करना पड़ा. इसके अलावा यह भी देखा गया कि मोबाइल फोन के जरिए यूपीआई पेमेंट करने में भी कई दिक्कतें आई.



रविवार की शाम नागपुर के लोगों के लिए परेशानी भरी साबित हुई. शाम चार बजे के बाद बड़ी संख्या में कॉल ड्रॉप की शिकायतें नागरिकों द्वारा हर जगह से की जा रही थीं. फ़ोन प्लग इन करने पर बीप ध्वनि के साथ फ़ोन बंद हो रहे हैं. वोडाफोन-आइडिया, एयरटेल, जियो कंपनी के शहर में कई ग्राहक हैं. मोबाइल नेटवर्क में दिक्कत होने के कारण नागपुर के लोगों को एक-दूसरे से फोन कनेक्ट करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा.

शुरुआत में कई लोगों ने इस समस्या को व्यक्तिगत समझकर नजरअंदाज कर दिया, लेकिन लंबे समय से यही समस्या होने के कारण नागरिकों ने शिकायत करना शुरू कर दिया. खबर है कि जियो यूजर्स की ओर से ऐसी शिकायतें सामने आई हैं. इस संबंध में जियो के कस्टमर केयर से संपर्क करने पर ग्राहक को बताया जा रहा है कि फोन में निजी समस्या है. देर शाम तक ये समस्या बनी रही.

फोन नेटवर्क की समस्या के साथ-साथ नागपुर के लोगों को एक और समस्या का सामना करना पड़ा. आज के आधुनिक युग में ज्यादातर लोग कैश ट्रांजेक्शन की जगह ऑनलाइन पेमेंट करना पसंद करते हैं. सरकार भी डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा दे रही है. लेकिन रविवार को ऑनलाइन यूपीआई पेमेंट में दिक्कतों का सामना करना पड़ा. शहर के विभिन्न पेट्रोल पंपों पर तेल भरवाने गए कई नागरिकों को ऑनलाइन भुगतान बंद होने का बहाना बनाकर वापस भेज दिया गया. ईंधन केवल नकद भुगतान करने वालों को ही उपलब्ध कराया गया. शंकरनगर चौक स्थित एक पेट्रोल पंप पर काम करने वाले कर्मचारियों ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि दोपहर से ऑनलाइन भुगतान में परेशानी के कारण पेट्रोल पंप पर ऑनलाइन सुविधा अस्थायी रूप से बंद कर दी गयी थी. नकद या कार्ड से भुगतान करने वालों को ही पेट्रोल उपलब्ध कराया जा रहा है. ऑनलाइन भुगतान में दिक्कत के कारण कई ग्राहक बिना पेट्रोल के निराश होकर लौटते दिखे.




CMYK

# रबी फसल प्रतियोगिता: किसानों को आकर्षक पुरस्कार का मौका

## -किसानों के लिए विशेष मौका: तकनीक अपनाएं, पुरस्कार पाएं

कोंढाली /काटोल.



राज्य में फसलों की उत्पादकता बढ़ाने के लिए प्रयोगात्मक किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए फसल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। रबी मौसम में बाजरा, गेहूं, चना,करडी, एवं अलसी आदि फसलों की प्रतियोगिता में भाग लेना। पंजीकरण 31 दिसंबर तक आमंत्रित है। यह जानकारी काटोल तहसील कृषि अधिकारी विक्रम भावरी द्वारा दी गयी है. उन्होंने बाया की यह प्रतियोगिता प्रयोगशील किसानों का मनोबल बढ़ाने तथा नवीनतम तकनीक के प्रयोग के प्रति रुझान बढ़ाने के लिए आयोजित की जाती है। रबी सीजन के लिए तालुका, जिला और राज्य स्तर पर सामान्य और आदिवासी समूहों के लिए पांच फसलों ज्वार, गेहूं, चना, करडी, और अलसी तथा रबी के फसलों के लिए फसल प्रतियोगिता आयोजित की गई है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए किसान के पास अपने नाम से जमीन होनी चाहिए और उस जमीन का मालिक होना चाहिए। प्रतियोगिता में भाग लेने वाला किसान एक समय में एक से अधिक फसल के लिए प्रतियोगिता में भाग ले सकता है। फसल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले लाभार्थी के पास अपने खेत में उस फसल के अंतर्गत कम से कम 40 आर क्षेत्र में निरंतर खेती होनी चाहिए। निर्धारित प्रपत्र में आवेदन (प्रपत्र-अ), प्रवेश शुल्क का चालान, सातबारा, आठ- अ की प्रति,तथा आदिवासी होने पर जाति प्रमाण पत्र, फसल प्रतियोगिता के लिए संबंधित किसान द्वारा 7/12 को घोषित क्षेत्र का चिह्नित नक्शा। फसल के अनुसार सामान्य समूह के लिए राशि 300 रुपये एवं आदिवासी समूह के लिए राशि 150 रुपये है।

प्रवेश शुल्क रहेगा. राज्य स्तर पर 50 हजार, 40 हजार एवं 30 हजार के आकर्षक पुरस्कार। ऐसे क्रमशः प्रथम तीन पुरस्कार हैं। जिला स्तर पर दस, सात और पांच हजार रुपये. और तालुका स्तर पर पांच, तीन और दो हजार रुपये। क्रमशः तीन पुरस्कार हैं। कृषि विभाग ने अपील की है कि फसल क्षेत्र एवं उत्पादन बढ़ाने के लिए अधिक से अधिक किसान फसल प्रतियोगिता में भाग लें। तालुका कृषि अधिकारी विक्रम भावरी ने किसान भाइयों और बहनों से अपील की है कि वे संबंधित तहसील कृषि अधिकारी कार्यालय से संपर्क करें और अधिक जानकारी के लिए महाराष्ट्र सरकार कृषि विभाग की वेबसाइट www.krishi.maharashtra.gov.in पर जाएं।

# कुंभारे की मां की प्रथम पुण्यतिथि पर पुण्यानुमोदन गुण अनुस्मरण आज

कामठी.



ड्रैगन पैलेस टेंपल प्रमुख, बरिएमं संस्थापक अध्यक्ष व पूर्व राज्यमंत्री एड. सुलेखा नलिनी नारायण कुंभारे के ड्रैगन पैलेस टेंपल स्थित आवास पर आज सोमवार 2 दिसंबर को उनकी माताजी स्व. नलिनी नारायण कुंभारे की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमे श्रद्धांजलि अर्पित करने बरिएमं, भाजपा, अन्य दलों के नेता सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और समर्थक पहुंचकर श्रद्धांजलि करेंगे. इससे पहले ड्रैगन पैलेस टेंपल प्रमुख एड. सुलेखा नलिनी नारायण कुंभारे भिक्षु संघ की उपस्थिति में पुण्यानुमोदन, गुणानुस्मरण कार्यक्रम कर ईश्वर से उनके आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना करेंगी. सुबह 10 बजे से 11 बजे तक परित्राण पाठ का आयोजन किया गया है. वहीं सुबह 11 बजे से 12 बजे तक भिक्षु संघ को एड. सुलेखा कुंभारे के हस्ते भोजन व चिवरदान कराया जाएगा.

# 8 हजार स्काउट्स और गाइड्स बने मतदान बूथ पर स्वयंसेवक

नागपुर.



जिला परिषद शिक्षा विभाग तथा नागपुर भारत स्काउट्स एवं गाईड्स जिला कार्यालय नागपुर के संयुक्त तत्वावधान में जिलाधिकारी बिपिन इटनकर और मुख्य कार्यकारी अधिकारी महामुनी के द्वारा किये गए आवाहन पर 20 नवंबर 2024 को महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव प्रक्रिया में मतदान के दिन नागपुर जिले के 8000 स्काऊट एवं गाईड ने स्वयंसेवक के तौर पर हर मतदान बूथ पर सुबह 7 से 1 तक 2, और दोपहर 2 से 7 बजे तक 2 स्काऊट एवं गाईड उपस्थित रहकर सहकार्य किया. माध्यमिक शिक्षाधिकारी रोहिणी कुंभार तथा प्राथमिक शिक्षाधिकारी सिद्धेश्वर कळुसे ने इस पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा और नियोजन किए थे. नागपुर जिले में पहली बार इस प्रकार के अभिनव उपक्रम कार्यान्वित किये जाने की बात सराहना करते हुए रोहिणी कुंभार ने बताई. मतदान बूथपर उपस्थित स्काऊट गाईड स्वयंसेवको ने दिव्यांग तथा वृद्ध मतदाताओं को मदत करना, मतदाताओ को कतार में खड़ा करना, बुथपर शांति और सुव्यस्था बनाये रखना ऐसे कार्य किये. देश के सशक्त लोकशाही में मतदान करने तथा उस प्रक्रिया का महत्व समझाने के लिए स्काऊट गाईड विद्यार्थीयोने बड़ा सहकार्य किया.

हर मतदान बूथ पर किन स्कूलों के स्काउट गाइड को स्वयंसेवक के तौर पर भेजना है, इसका पूरा नियोजन वाकोडकर और श्रीमती किनारकर, जिला महासचिव सुशील बंसोड, जिला संघटक मंजुषा जाधव ने किया. साथ ही इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्काउट जिला संघटक सत्यशील पाटील, अर्पित कडू, मोहन चौरसिया, कुलदीप मडवधरे, मारुती फटिंग, अरविंद नकाशे ने सहकार्य किया.

# आशीष जयसवाल को राज्य मंत्रिमंडल में स्थान दीजिए

## रामटेक शहर शिवसैनिकों की मांग

रामटेक.



विधायक आशीष जयसवाल पांचवीं बार महाराष्ट्र विधानसभा में क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। वह चार बार शिवसेना के चिन्ह पर चुने गए और एक बार निर्दलीय विधायक के रूप में भी उन्होंने महायुति और शिवसेना का समर्थन किया। उन्हें महाराष्ट्र में एक अध्ययनशील व्यक्तित्व के रूप में जाना जाता है। उन्हें एक प्रभावी विधायक के रूप में भी जाना जाता है जिन्होंने गठबंधन सरकार के दौरान सरकार के कई फैसलों में अहम भूमिका निभायी। वह न केवल अपने निर्वाचन क्षेत्र के बल्कि पूरे महाराष्ट्र का होते हैं,

पालकमंत्री पांदन रस्ता योजना के वे शिल्पकार माने जाते है. साथ ही उन्होंने रामटेक निर्वाचन क्षेत्र में राज्य सरकार की लाडली बहन योजना को प्रभावी ढंग से लागू किया। रामटेक विधानसभा क्षेत्र से मधुकर किंमतकर के ढाई साल के कार्यकाल को छोड़कर आज तक मंत्री पद का मौका नहीं मिला है।उन्हे मौका देने की मांग पत्र परिषद में की गयी.रामटेक शहर के शिवसेना प्रमुख एवं पूर्व नगरसेवक राजेश किंमतकर और सुमित कोठारी, शिवसैनिकों के साथ-साथ रामटेक, पारशिवनी, कन्हान, देवलापार और विधानसभा क्षेत्र के सभी नागरिकों ने जयसवाल को मंत्री पद देने की अपेक्षा व्यक्त की है.

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने देवलापार की जनसभा में यह आश्वासन भी दिया था. रामटेक शहर शिवसेना के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने मांग की कि इसे अब पूरा किया जाए, उन्होंने विधायक जायसवाल को बड़े अंतर से चुनाव जिताने के लिए मतदाताओं को धन्यवाद दिया. प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूर्व नगरसेविका सुरेखा माकड़े, विनायक सावरकर, महेश बिसन,विश्वास पाटिल, विष्णु लोखंडे, साखरे सहित शहर शिवसेना पदाधिकारी और शिवसैनिक बडी संख्या में उपस्थित थे।

# अजनी गांव में मेधावी विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

कामठी.



अजनी गांव में सावित्रीबाई ज्योतिराव फुले मुफ्त अध्ययन और वाचनालय की 16वीं वर्षगांठ के अवसर पर, शनिवार को वाचनालय में गांव के मेधावी छात्रों और परोपकारियों को सम्मानित किया गया.

कार्यक्रम की अध्यक्ष के रूप में करुणा रडके ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया. वहीं उमेश मस्के ने परिचयात्मक भाषण दिया तथा अतिथि के रूप में सकाळ के संवाददाता सतीश दहाट, सरपंच संजय जीवतोड़े, गादा की पुलिस पाटिल वंदना चकोले ने छात्रों को भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं.

कार्यक्रम दौरान गौरी पाली ने स्वागत गीत गाया. परी दवंडे ने शारदा भावगीत पर खूबसूरत डांस किया. वाचनालय के संस्थापक लीलाधर दवंडे ने छात्रों का मार्गदर्शन किया. इस अवसर पर विद्यार्थियों को बलवंत नेउलकर की ओर से डॉक्यूमेंट फाइल तथा जीवन पाटील के माध्यम से सम्मान पत्र वितरित कर सम्मानित किया गया. अलपोहर का आयोजन उपसरपंच हेमराज दवंडे के माध्यम से किया गया. इस कार्यक्रम में मोतीराम इंगोले, घनश्याम चकोले, उमेश मस्के, सुधाकर विघे, सतीश डहाट, राहुल गिरहे, जीतेंद्र पाली आदि ने वाचनालय की प्रगति के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान किया, वहीं करुणा रडके ने जरूरतमंद विद्यार्थियों को आर्थिक सहयोग प्रदान किया. लाइब्रेरी की ओर से उमेश मस्के और गजानन घोडे, जो समय-समय पर लाइब्रेरी की मदद करते थे और महेंद्र भोयर, जो गांव के ही रेलवे में नौकरी करते है और बहुत विपरीत परिस्थितियों में इंजीनियर बनीं निकिता वानखेड़े को सम्मान चिन्ह और शॉल प्रदान कर सम्मानित किया गया.

इस मौके पर मृणाल वाट और सुहानी फुकट ने सूत्र का संचालन किया. जबकि छात्रा खुशबू फुकट ने वाचनालय के बारे में अपनी भावनाएं व्यक्त की. कार्यक्रम दौरान बेनीराम विघे, दिवाकर घोडे, तुकाराम लायबर, राहुल शेलके, गजेंद्र वाट, यादवराव चिपड़े, हेमलता उकेबोंद्रे, दयावंती उकेबोंद्रे, गायत्री हरणे, प्रतिभा दवंडे, बाबूराव धंदरे, गणपत झलके, बंडू दवंडे, नामदेव हेटे, प्रशांत घोडे, ललित ढोक, दिनेश बड़गे, अनिकेत देवतले, दीपक लांजेवार, अमोल गजभिए, अनुराग रडके, गजेंद्र ढोक, शेषराव घोडे, शुभम वाणी, भारती वाट, जीवन विघे, रितेश उकेबोंदरे, वैशाली सुरसकर, भुवन पाली आदि की विशेष उपस्थिति रही.

कार्यक्रम की सफलता के लिए निखिल विघे, कौस्तुभ वाट, राजकुमार दवंडे, रोशन दवंडे, दर्शन ठाकरे, अंकित जेवड़े, भावेश हेटे, मोना ठाकरे, संस्कृति फुकट, रंजना दवंडे, प्रियंका घोडे, शिव नाइक, सुमित भोयर, सृष्टि दवंडे, नितिन दवंडे, अभिषेक दवंडे, अनुप जांभुले, समिका तराणे, तनुश्री शेंडे, पायल रहांगडाले, सुचिता वानखेड़े आदि ने अन्य छात्रों के साथ मिलकर कड़ी मेहनत की.



# खैरी में 25 बंदरों को पकवाड़ने में सरपंच योगिता धांडे को मिली सफलता

कामठी.

ग्राम पंचायत खैरी में पिछले आठ से दस वर्षों से लाल मुंह के बंदरों का बहुत बड़ा प्रकोप रहा. इस घटना के बाद से ही खैरी में ग्रामीणों के घर का सामान नष्ट हो रहा था और लोगों में डर बना हुआ था.

जिस पर सरपंच योगिता किशोर धांडे ने मिरज जिला सांगली के हैदर अली व उनकी टीम से रेस्क्यू ऑपरेशन चला कर 25 लाल मुंह वाले बंदर पकड़ लिया गया. इससे खैरी के ग्रामीणों ने राहत की सांस ली.


उपरोक्त रेस्क्यू ऑपरेशन में फार्मस कंपनी के डायरेक्टर रुकसत भगवाघर, पलसापूरी सर, नागपुर वन उपसंरक्षक सारिका वैरागड़े, अमोल गिरी सहित ग्राम पंचायत के सरपंच, उपसरपंच, सदस्यगण, कर्मचारियों एवं सभी ग्रामीणों ने भरपूर सहयोग किया और खैरी गांव वालों को लाल मुंह के बंदरों से मुक्ति मिल गई.

# ओमनगर दुर्गा मंदिर में नववर्ष कार्यक्रम की तैयारियां शुरू

कामठी.

रणाला स्थित ओमनगर दुर्गा मंदिर प्रांगण में नववर्ष के आगमन को लेकर ओमनगर दुर्गा उत्सव समिति द्वारा अहम बैठक का आयोजन किया गया. समिति के मानद सचिव सौमित्र कल्याणी बैकुंठनाथ नंदी ने बताया कि समिति के अध्यक्ष कनवरसिंग पंघाल की अध्यक्षता व उपाध्यक्ष उदय सिंह यादव की प्रमुख उपस्थिति में नववर्ष हेतु समन्वयक समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि आगामी 31 दिसंबर एवं 1 जनवरी को होने वाले नव वर्ष कार्यक्रम को धूमधाम से मनाया जाएगा.

जिसकी जबरदस्त तैयारी जोरों पर करने का निर्णय लिया गया. 31 दिसंबर को शाम में 8 बजे पंडित रघुवर प्रसाद मिश्रा द्वारा पूजा अर्चना कर आयोजित महा आरती कार्यक्रम में क्षेत्र के लोगों अधिक से अधिक संख्या में आने को कहा गया. वहीं नूतन वर्ष 1 जनवरी को शाम में मनोरंजन कार्यक्रम के साथ आमंत्रित सदस्यों के लिए सुरुचि भोज का भी आयोजन किया गया है. समन्वय समिति में अध्यक्ष अध्यक्ष कनवरसिंग पंघाल, उपाध्यक्ष उदय सिंह यादव, मानद सचिव सौमित्र कल्याणी बैकुंठनाथ नंदी, सहसचिव श्रावण केझरकर, सहसचिव देवेश ठाकरे, कोषाध्यक्ष अन्नू श्रीकांत सिंधिया पाण्डेय, सदस्य नीलम राजकुमार सिंह




बघेल, सदस्य राजेश पिल्ले, सदस्य प्रमोद बावनकुले, सदस्य अशोक ठाकरे, सदस्य आकाश काटरपवार, सदस्य यशवंत आरेकर, सदस्य दीपक निकोसे, सदस्य भारती ठाकरे, सदस्य अद्विता घोरमाडे, सदस्य रश्मि जैन, सदस्य राजेश नायडू, सदस्य ज्ञानेश्वर ससानकर शामिल हैं. उपरोक्त कार्यक्रम की अधिक जानकारी के लिए मानद सचिव सौमित्र कल्याणी बैकुंठनाथ नंदी से संपर्क करने की अपील की गई है.

# गणेश टेकड़ी मंदिर के सौंदर्यीकरण को मंजूरी

## > 1 करोड़ की निधि स्वीकृत

नागपुर. राज्य भर में पर्यटन विकास विभाग ने करीब 80 स्थानों के लिए पर्यटन विकास निधि का आवंटन किया है। इस योजना में विदर्भ के भंडारा और गोंदिया के करीब 15 से अधिक स्थानों का समावेश है, जबकि उपराजधानी के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल के रूप में प्रचलित गणेश टेकड़ी मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए भी निधि आवंटित हुई है।

जिला प्रशासन से गणेश टेकड़ी मंदिर परिसर में सौंदर्यीकरण के लिए 5 करोड़ का प्रस्ताव भेजा गया था, इस प्रस्ताव को मंजूर कर 1 करोड़ की निधि आवंटित की गई है। मनपा के नियोजन विभाग ने पार्किंग, रैम्प, लिफ्ट, प्रतीक्षालय, रसोईघर समेत सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव बनाकर निविदा प्रक्रिया को पूरा कर लिया है। हाल ही में सेना विभाग से अनापत्ति प्रमाण-पत्र के लिए मुख्य अभियंता लीना उपाध्ये के माध्यम से पत्र भेजा गया है। सेना से मंजूरी और एनओसी मिलते ही काम को आरंभ कर दिया जाएगा।

पर्यटन विभाग से राज्य के 79 पर्यटन क्षेत्र समेत गणेश टेकड़ी मंदिर परिसर में बुनियादी सुविधाओं को तैयार करने के लिए अनुमति मिली है। मनपा के नियोजन विभाग ने निविदा प्रक्रिया को पूरा कर लिया है।

सैन्य विभाग ने मंदिर परिसर में सीमेंट, लोहे के पक्के निर्माण कार्य को लेकर पाबंदी की हुई है, लेकिन प्राथमिक तौर पर सेना विभाग से चर्चा के बाद मनपा ने प्रस्ताव को बनाया है। मुख्य अभियंता लीना उपाध्ये के माध्यम से मनपा ने सैन्य विभाग के कामठी मुख्यालय को पत्र भेजा है। सेना विभाग से सहमति मिलते ही निर्माण कार्य को आरंभ कर दिया जाएगा।




**मंदिर में अनेक बुनियादी सुविधाएं**

राज्य सरकार से क पर्यटन क्षेत्र विकास में आवंटित निधि से गणेश टेकड़ी मंदिर में बुनियादी सुविधा निर्माण करने को प्रस्तावित किया गया है। इसके साथ ही मंदिर परिसर में सौंदर्यीकरण भी किया जाएगा। प्रस्तावित योजना में मंदिर के विश्वस्त मंडल की मांगों के अनुरूप निर्माणकार्य को भी शामिल किया गया है।

पूरे मंदिर परिसर में 1 एकड़ के क्षेत्र को दो हिस्सों में विभाजित कर निर्माणकार्य किया जाएगा। इसमें पहाड़ी हिस्से को समतल कर पार्किंग और लिफ्ट लगाया जाएगा। इसके साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बड़े आकार का रसोईघर, प्रतीक्षालय, मुख्य गेट-कमान और फाउंटेन का समावेश है। मंदिर के विश्वस्त मंडल ने सुरक्षा दीवार को मजबूत करने और सौंदर्यीकरण को लेकर सुझाव दिए थे। इन सुझावों को भी शामिल किया गया है।

# मेट्रो निर्माण कार्य के चलते जाम लगने से लोग हो रहे परेशान: यादव

कामठी.



नागपुर रोड पर मेट्रो निर्माण कार्य के चलते रोजाना जाम लगने से लोग परेशान हैं. सड़क की चौड़ाई कम होने से रोड पर जगह-जगह वाहनों की लंबी कतारे लग जाती है और आने-जाने वाले लोगों को जाम से जूझना पड़ता है. यहां निर्माण कार्य के चलते दिन में कई बार लंबा जाम लग जाता है. घंटे-घंटे तक वाहन चालक जाम में फंसे रहते है. कुछ लोगों का कहना है कि रोजाना जाम लगने से नौकरी पेशा आफिस व घर पहुंचने में लेट हो जाते हैं. बड़ी संख्या में विशेषकर स्कूल-कॉलेज के छात्रों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है.

उपरोक्त आरोप लगाते हुए छावनी क्षेत्र कांग्रेस अध्यक्ष रितेश मानसिंह यादव ने बताया कि इस रोड पर जाम लगना आम बात हो गई है. काफी दिन से निर्माण कार्य चल रहा है और परेशानी आम लोगों को झेलनी पड़ रही है. यहां मेट्रो के निर्माण की सामग्री रखी होने से सड़क काफी संकरी हो गई है. वहीं दूसरी तरफ राहगीरों को भारी जाम की समस्या का सामना करना पड़ रहा है. एक ओर यहां मेट्रो का निर्माण कार्य चल रहा है. दूसरी ओर जगह-जगह ई-रिक्शा व ऑटो चालकों के अतिक्रमण से वाहनों को निकलने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. यहां सामान्य दिन में हर समय जाम लग रहा है.

उन्होंने ने बताया कि रोड पर मेट्रो का निर्माण चल रहा है. जिससे वाहनों के निकलने के लिए थोड़ी जगह बची है. वहीं ऑटो चालक जगह-जगह सड़क घेरकर खड़े रहते हैं. इससे सड़क पर काफी लंबा जाम लग जाता है. उन्होंने संबंधित अधिकारियों से जल्द ठोस कदम उठाकर समाधान सुनिश्चित करने की मांग की.

# ब्लड बैंकों में रक्त की किल्लत, भटक रहे परिजन

## > एबी और ए पॉजिटिव का स्टॉक नाममात्र

नागपुर.

पिछले कई दिन से सरकारी अस्पतालों की ब्लड बैंकों में रक्त की किल्लत मची है। जरूरतमंदों को निजी ब्लड बैंकों से रक्त खरीदना पड़ रहा है। सरकार के ई-रक्तकोष पोर्टल के अनुसार, शनिवार को शहर की पांच सरकारी ब्लड बैंकों में कुल रक्त का स्टॉक 71 यूनिट था। इसमें सर्वाधिक बी पॉजिटिव रक्त समूह का स्टॉक 51 यूनिट व अन्य रक्त समूह का स्टॉक केवल 20 यूनिट था।

शनिवार को शहर की पांच सरकारी ब्लड बैंकों में रक्त का स्टॉक इस प्रकार था- ए पॉजिटिव 7 यूनिट, ए निगेटिव शून्य, बी पॉजिटिव 51 यूनिट, बी निगेटिव शून्य, ओ पॉजिटिव 11 यूनिट, ओ निगेटिव 1 यूनिट, एबी पॉजिटिव 1 यूनिट, एबी निगेटिव शून्य यूनिट। कुल 71 यूनिट स्टॉक में से बी पॉजिटिव ब्लड का स्टॉक 51 यूनिट था। वहीं वहीं ए नेगेटिव, बी नेगेटिव व एबी निगेटिव का स्टॉक शून्य था। यह जानकारी सरकार के ई-रक्तकोष पोर्टल के आधार पर है।



**इस कारण आई समस्या**

सरकारी अस्पतालों में भर्ती मरीजों के परिजनों को बड़ी उम्मीद होती है कि वहां मरीज को उपचार के साथ अन्य जरूरी सामग्री व सुविधाएं आसानी से उपलब्ध होंगी, लेकिन सरकारी अस्पतालों को भी हर रोज कई तरह की समस्याओं से जूझना पड़ता है, जिसकी जानकारी मरीजों व उनके परिजनों को नहीं होती। परिणामस्वरूप सारा ठीकरा सरकारी अस्पतालों के सिर पर फोड़ा जाता है। अब सरकारी ब्लड बैंकों में रक्तदाताओं की संख्या व आयोजकों द्वारा शिविर नहीं लिये जाने से यह समस्या पैदा हो चुकी है। जरुरतमंद मरीजों को निजी ब्लड बैंको से रक्त खरीदना पड़ रहा है।

**रक्तदान में इसलिए कमी**

चुनाव आचार संहिता, दिवाली आदि के चलते रक्त की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। सूत्रों ने बताया कि आचार संहिता के चलते रक्तदान शिविर आयोजित करने वाली संस्थाओं ने शिविरों का आयोजन नहीं किया। स्वेच्छा रक्तदाताओं की संख्या में चुनाव के चलते कमी आई। रक्तदाता चुनाव कार्य में लगे थे।


दिवाली के दौरान सरकारी व निजी संस्थानों के कर्मचारी छुट्टी पर चले जाते हैं। वहीं कॉलेज बंद होने से विद्यार्थी वर्ग भी रक्तदान करने में रुचि नहीं दिखाते। इन कारणों से रक्तदान में कमी आई है।

# धान फसल के प्रति हेक्टेयर उत्पादन में वृद्धि

> उत्पादकता 40.94 क्विंटल प्रति हेक्टेयर
> इस साल धान बढ़ोत्तरी की संभावना

**गोंदिया.**

इस वर्ष प्राकृतिक आपदाओं के साथ- साथ धान कटाई के समय कीटों का प्रकोप बढ़ने से किसानों को धान के उत्पादन में गिरावट की चिंता सताने लगी है. जिससे जिले के कुछ किसान भी प्रभावित हुए. लेकिन कृषि विभाग द्वारा जिले के 480 स्थानों पर फसल कटाई प्रयोग से निर्धारित धान की प्रति हेक्टेयर उपज 40.96 प्रश. है. इसलिए इस साल धान के उत्पादन में बढ़ोतरी की संभावना है. जिले में पिछले खरीफ सीजन में 1 लाख 94 हजार 327 हेक्टेयर में धान की खेती हुई थी. इस साल औसत से 9 प्रश. ज्यादा बारिश हुई. पर्याप्त बारिश और धान की फसल के लिए अनुकूल जलवायु के कारण इस वर्ष धान की फसल भी खूब लहलहा रही है. लेकिन सितंबर में अतिवृष्टि



और कीटों के प्रकोप के कारण कुछ नुकसान हुआ. परिणामस्वरूप, कुछ किसानों के लिए खरीफ सीजन चूकने का समय आ गया था. इससे किसानों में चिंता का माहौल था. जिले में अधिकांश धान की खेती की जाती है और किसानों की वार्षिक आजीविका इस पर निर्भर करती है, इसलिए धान का उत्पादन उनके लिए महत्वपूर्ण है. कृषि विभाग के माध्यम से धान का औसत उत्पादन दोगुना होता है. इसके लिए फसल कटाई प्रयोग करके और पिछले पांच वर्षों में धान की औसत उपज पूछकर प्रति हेक्टेयर उपज निर्धारित की जाती है. पिछले पांच वर्षों में धान का प्रति हेक्टेयर उत्पादन 33.56 क्विंटल हेक्टेयर था. लेकिन इस साल इसमें बढ़ोतरी हुई है और यह 40.96 क्विंटल प्रति हेक्टेयर है. वर्ष 2022-23 में भी धान का उत्पादन सामान्य रहा. इस साल के उत्पादन में बढ़ोतरी हुई है और यह किसानों के लिए राहत की बात है. 480 फसल कटाई प्रयोगों से निकाले गए निष्कर्ष कृषि विभाग ने धान के नगण्य प्रति हेक्टेयर उत्पादन को प्राप्त करने के लिए जिले के विभिन्न हिस्सों में 480 फसल कटाई प्रयोग किए. जिससे प्रति हेक्टेयर 40.96 क्विंटल धान का उत्पादन होने की संभावना है. अधिकारियों ने कहा कि धान का अंतिम उत्पादन दिसंबर में निकाला जाएगा.

### समर्थन मूल्य पर धान खरीदी केंद्र पर किसानों को राहत

सरकारी समर्थन मूल्य केंद्र पर प्रति हेक्टेयर धान खरीदी की सीमा कृषि विभाग द्वारा निर्धारित प्रति हेक्टेयर उत्पादन के आधार पर निर्धारित की जाती है. इस वर्ष जिले में प्रति हेक्टेयर 40.96 क्विंटल धान उत्पादन का अनुमान जिला अधीक्षक कृषि अधिकारी कार्यालय ने जिला पणन संघ व आदिवासी विकास निगम को दिया है. इसी आधार पर इन दोनों विभागों ने धान खरीदी केंद्र पर 16 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से धान खरीदने का निर्देश दिया है. जिससे किसान 40.96 क्विंटल प्रति हेक्टेयर की दर से धान बेच सकते हैं.

# म. ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित

**हिंगनघाट.**

नंदोरी चौक स्थित शहीद चंद्रशेखर कोरे चौक के महात्मा ज्योतिबा फुले सांस्कृतिक सभागृह में महात्मा ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व नगरसेवक अनिल भोंगडे ने की।



इस अवसर पर प्रमुख अतिथि के रूप में संतोष तिमांडे, पूर्व उपसरपंच बुरकोणी कृष्णा मुंगले, पूर्व सैनिक अमित कांबले, श्रीकांत जंगले, फुले समता परिषद की जिलाध्यक्षा कविता मुंगले, माधव देशमुख, जयंत सानवर, और पत्रकार अनिल कडू उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी मान्यवरों ने महात्मा फुले के विचारों और उनके योगदान पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन लोजपा वर्धा जिलाध्यक्ष किशोर तितरे ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन पत्रकार अनिल कडू ने किया। इस आयोजन को महात्मा फुले समता परिषद के प्रगतबाबू तितरे, जयंत मानकर, श्रीकांत जंगले, रिता रेड्डी, डॉ. सुनीता तलवेकर, छाया झाडे, रश्मी डुकरे, और लोक जनशक्ति पार्टी के जिला उपाध्यक्ष मोरेश्वर पिंपलशेंडे, तालुका अध्यक्ष कमलाकर कावले, सदस्य चंपत बावणे, शहर अध्यक्ष मनोहर कान्हेरकर, मधुकर डंभारे, राजेंद्र मुनोत और अन्य नागरिकों का समर्थन प्राप्त हुआ।

इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने महात्मा ज्योतिबा फुले को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया।



# 'नम्रता गुरुदेव सेवा मंडल' भजन प्रतियोगिता में सम्मानित

**वर्धा.**

राज्य स्तरीय खंजीरी भजन प्रतियोगिता हाल ही में अल्लीपुर में संपन्न हुई. जिसमें वर्धा से नम्रता गुरुदेव सेवा महिला भजनी मंडल कृष्ण नगर वर्धा ने भाग लिया और सातवा क्रमांक व 4001 रुपये का पुरस्कार व सम्मानपत्र मिला.

महिला भजन मंडल में भजन गायिका माला काले, दुर्गा तिवारी, नीता सालवे, वैशाली बाहे, ललिता वाघमारे ने गायन किया. तबला वादक रमेश डोंगरे, हारमोनियम वादक वामन वाढ़ई, प्रकाश वैद्य, अशोक दोड, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र जगताप आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर सभी गुरुदेव सेवकों ने महिला मंडल को बधाई दी.

# मुंडीपार-कोहमारा मार्ग चौड़ीकरण की मांग तेज

> शिवशाही बस हादसे में 11 मृत, 29 घायल

**गोंदिया.**

गोंदिया-कोहमारा राज्य मार्ग के चौड़ीकरण को करीब तीन साल पहले मंजूरी मिली थी. लेकिन, वन व वन्य जीव अधिनियम के कारण सड़क का चौड़ीकरण रोक दिया गया था. परिणामस्वरूप, गोंदिया- मुंडीपार तक मार्ग चौड़ा हो गया है, लेकिन आगे कोहमारा तक मार्ग संकरा है. इस सड़क पर लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं. मुंडीपार-कोहमारा मार्ग के चौड़ीकरण की नितांत आवश्यकता है. डव्वा के पास पुल संकरा और नीचा है. इस पुल पर अक्सर दुर्घटनाएं होती रही है और लोगों की जान चली जाती है. इस पुल की ऊंचाई बढ़ाने की भी मांग की जा रही है. शिवशाही बस हादसे के बाद संकरी सड़क और पुल का मुद्दा नए सिरे से चर्चा में है. लाखनी, साकोली होते हुए भंडारा-गोंदिया शिवशाही बस खजरी-डव्वा के पास एक मोटरसाइकिल को ओवरटेक करने के प्रयास में पलट गई. इस दुर्घटना में 11 लोगों की जान चली गई, जबकि



29 लोग गंभीर घायल हो गए. बस दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मृतकों के परिवारों और घायलों को मदद का ऐलान किया है. उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने 'एक्स' पर शोक व्यक्त किया. यदि घायलों का इलाज किसी निजी अस्पताल में भी करना पड़े तो उनका तुरंत इलाज किया जाए, यदि आवश्यक हो तो उन्हें नागपुर भेजा जाए, ऐसा जिलाधीश को निर्देश दिया गया. घटना की जानकारी मिलने पर गोंदिया विधायक विनोद अग्रवाल, पूर्व विधायक राजेंद्र जैन शासकीय महाविद्यालय पहुंचे और घायलों से पूछताछ की. साथ ही हादसे में मृतकों के परिजनों के बारे में जानकारी हासिल की. सांसद डॉ. प्रशांत पडोले ने बस दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिवारों को तत्काल 25 लाख रु. और घायलों के परिवारों को 15 लाख रु. देने की मांग की. अधिकारियों से भी चर्चा की. विधायक राजकुमार बडोले ने भी प्रशासन को राहत कार्य को लेकर निर्देश दिए.

**35 मिनट में तय की 30 किलोमीटर की दूरी**

गोंदिया में हुए भीषण हादसे के बाद प्रादेशिक परिवहन कार्यालय के अधिकारी तुरंत दुर्घटना स्थल पर पहुंचे और दुर्घटना स्थल का निरीक्षण किया. इसमें कई चौंकाने वाली बातें सामने आई हैं. इस बस ने 30 किमी. की दूरी महज 35 मिनट में तय की. इस दौरान चालक 2 जगहों पर रुका भी. इससे साफ है कि बस तेज गति से चल थी.

प्रणय रापुरकर बस चालक हैं और वाहक नितिन मते हैं. घटना के बाद पुलिस टीम, एसटी निगम के अधिकारी, प्रादेशिक परिवहन विभाग के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे. बस यात्रियों और प्रत्यक्षदर्शियों से जानकारी लेने का प्रयास किया गया. उनकी जांच तमाम यंत्रणा ने की. आरटीओ अधिकारियों ने खुद बस का निरीक्षण किया. पता चला कि यह बस काफी तेज थी.

# तुअर फसल पर इल्लियों का प्रकोप

पौधे की जड़ में भीतर कोषावस्था में जाकर करती है चट

**गोंदिया.**

जिले में तुअर की फसल कली व फूल आने की स्थिति में है। फसल को फल्लियां लगनी शुरू हो गई है. लेकिन ऐसी स्थिति में फल्लियों को खत्म करने वाली इल्ली का प्रकोप फसल पर देखा जा रहा है. इसके लिए किसानों को कृषि विभाग ने समय रहते एकात्मिक प्रबंधन के लिए उपाययोजना करने का आह्वान किया है. फल्लियां खाने वाली इल्लियों में हेलीकोवर्षा कीट की मादी पतंग तुअर की कलियां, फूल व फल्लियों पर पीले-सफेद रंग के अंडे देती है. पूर्ण रूप से बढ़ी हुई इल्ली 30 से 40 मिमी लंबी हरे, पपेटो रंग की दिखाई देती है. पीठ पर हल्की रेखाएं रहती है. अंडे देने की अवस्था में 4 से 7 दिन, इल्ली की अवस्था 14 से 16 दिन में पूर्ण रूप से बढ़ी इल्ली पौधे की जड़ में भीतर कोषावस्था में जाती है.



कोष से पतंग बाहर आते हैं. इस प्रकार इल्ली का जीवन क्रम 4 से 5 सप्ताह में पूर्ण होता है. इस किट की सालभर में 7 से 9 पीढियां तैयार होती है. उल्लेखनीय है कि अंडे से निकलने के बाद इल्ली कलियां व फूलों में छेद कर खत्म करती है. जिससे शुरुआती अवस्था में ही तुअर फसल का काफी नुकसान होता है. फल्लियों को अनियमित पत्तियां बड़ी मात्रा में छेद कर परिपक्व दाने खा जाती है. यह इल्ली अमुमन 6 से 16 फल्लियों का नुकसान करती है. यह कीट तुअर पर नवंबर से मार्च माह तक क्रियाशील रहता है. दिसंबर से जनवरी माह में इसका प्रकोप और बढ़ता है.

# रक्तदान शिविर में 28 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

**हिंगनघाट.**

मातोश्री आशाताई कुणावार कला, वाणिज्य व विज्ञान महिला महाविद्यालय, राष्ट्रीय सेवा योजना, रेड रिबन क्लब, आरोग्य जांच समिति और ग्रामीण उपजिला रुग्णालय हिंगनघाट के संयुक्त तत्वावधान में स्वर्गीय पांडुरंग जी तुलसकर, संस्थापक अध्यक्ष विद्या विकास शिक्षण संस्था, हिंगनघाट की स्मृति में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. उमेश तुलसकर, अध्यक्ष, विद्या विकास शिक्षण संस्था, हिंगनघाट ने की। प्रमुख अतिथि के रूप में डॉ. निलेश तुलसकर (उपाध्यक्ष), डॉ. नयना तुलसकर (सचिव), रेखा तुलसकर (कोषाध्यक्ष), नीतेश रोडे (प्राचार्य), प्रा. रघटाटे, प्रा. साटोने, डॉ. सपना जयसवाल, डॉ. अजय लिडबे, ब्लड



बैंक पीआरओ प्रवीण गावंडे, डॉ. स्नेहा तापडिया, गणेश्री लांजेवार, जयश्री पाटिल, वैशाली जगताप, यासीर खान, आशीष लिंगणवर, और पंकज खरवडे उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत प्रतिमा पूजन से की गई। इस अवसर पर डॉ. निलेश तुलसकर ने रक्तदान शिविर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए समाज में रक्त की कमी से उत्पन्न चुनौतियों पर चर्चा की। डॉ. नयना तुलसकर ने स्वर्गीय पांडुरंग जी तुलसकर के सामाजिक कार्यों को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। डॉ. अजय लिडबे ने रक्तदान से जुड़े भ्रमों को दूर करते हुए लोगों से अधिक से अधिक रक्तदान करने की अपील की। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. उमेश तुलसकर ने अपने उद्बोधन में सामाजिक जिम्मेदारी निभाने और समाज को एक नई दिशा देने पर जोर दिया। इस शिविर में कुल 28 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र और अल्पाहार देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन प्रा. अभय दांडेकर ने किया। प्रास्ताविक नीतेश रोडे ने और आभार प्रदर्शन डॉ. सपना जयसवाल ने किया। इस आयोजन को सफल बनाने में महाविद्यालय के कला, वाणिज्य और विज्ञान विभाग के प्राध्यापकों, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों और छात्राओं का विशेष योगदान रहा।

# पीएम किसान योजना के लाभार्थी हुए आधे, सर्वेक्षण का नतीजा

> 1,09,164 किसानों को मिली 17वीं किस्त

**गोंदिया.**

जिले में कुल 2 लाख 76 हजार खाताधारक किसान हैं. प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के तहत किसानों को सालाना 6,000 रु. की सब्सिडी दी जाती है. जब यह योजना लागू की गई थी, तब इस योजना के 2 लाख 20 हजार से अधिक लाभार्थी थे, लेकिन गैर-पात्र किसान भी इस योजना का लाभ उठा रहे थे. इसलिए पात्र लाभार्थी किसानों को योजना का लाभ मिले, यह सुनिश्चित करने के लिए राजस्व विभाग ने एक व्यापक सर्वेक्षण अभियान चलाया. करीब 1 लाख 10 हजार किसान बाहर हो गए हैं और लाभार्थी आधे रह गए हैं. पीएम किसान योजना की 17वीं किस्त का लाभ सिर्फ 1 लाख 9 हजार 164 किसानों को ही मिला है. ये आंकड़े कृषि विभाग के हैं. इस योजना की 18वीं किस्त जमा करने की प्रक्रिया चल रही है और जल्द ही यह जमा कर दी जाएगी. केंद्र सरकार की पीएम किसान योजना की तर्ज पर राज्य सरकार ने भी किसानों को 6 हजार रु. की सब्सिडी देने की घोषणा की है. दोनों योजनाओं के तहत किसानों को कुल 12 हजार रु. की सब्सिडी मिल रही है, लेकिन सरकार के संज्ञान में यह बात आई कि एक ही परिवार में सात-बारह नाम वाले तीन चार लोग इस योजना का लाभ ले रहे हैं. इसलिए योजना से लाभान्वित होने वाले किसानों के बीच सर्वे कराया गया. इससे पता चलता है कि लाभार्थी किसानों की संख्या घटकर करीब 1 लाख 10 हजार हो गई है, जबकि आयकर देने वाले किसानों से वसूली गई किश्तों की रकम वसूलने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है. बताया गया है कि अब तक 2934 किसानों से 1.50 करोड़ रु. की वसूली की जा चुकी है. कई किसानों के खाता क्र. मेल नहीं खा रहे जब राजस्व विभाग ने पीएम किसान योजना से लाभान्वित होने वाले किसानों का सर्वेक्षण किया, तो यह पाया गया कि कई किसानों के सात-बार पर खाता संख्या मेल नहीं खा रहा है, जबकि कुछ किसानों के आवासीय पत्ता व कुछ मृत किसानों के नामों पर भी सब्सिडी जमा की गई थी. ऐसे में इन सभी नामों को हटाकर इस योजना के लाभार्थियों की संख्या आधी हो गई है.

# शहर में गौ-तस्कर सक्रिय

> गौ सेवकों ने की कार्रवाई की मांग

**गोंदिया.**

गोंदिया शहर की पहली घटना है लेकिन चिंताजनक है. इन दिनों शहर के तमाम मूक प्राणी संरक्षक सेवा संगठनों के प्रतिनिधियों ने अंतरराज्यीय गौ तस्करों के चंगुल से लदे भरे वाहनों से अनेक मूक निरीह प्राणियों को बचाकर छुड़ाया है. लेकिन अब लगता है कि यह अंतरराज्यीय गौ तस्करों के संपर्क सूत्र स्थानीय दलालों के साथ मिलकर शहर की पालतू गायों को भी शिकार बनाया जा रहा है. विगत पांच दिनों से शहर के परिचित गौ सेवक, सर्पमित्र बंटी शर्मा के सेल्स टैक्स कॉलोनी निवास के बाड़े में चर रही करीब दो-ढाई वर्ष की गर्भवती गाय को चुरा लिया गया जिसे रोज की तरह कंपाउंड में ताला लगाकर चरने छोड़ दिया जाता था. पिछले सोमवार दोपहर करीब 12 बजे उसे रोटी सानी देने की आवाज देने पर जब वह नहीं दिखी तो, उसकी तलाश की गई, जो आज तक आसपास के सभी नजदीकी गांवों के घर तबेलों में संपर्क करने से भी वह कहीं नहीं मिली. इन्हीं कारणों से संभावना है कि स्थानीय गौ तस्करी में संलिप्त किसी दलाल ने नजर रखकर उसे कंपाउंड का सीमेंट का खड़ा पट्टा निकाल कर आंख बचाकर चुरा लिया है. पुलिस प्रशासन से निवेदन है कि इस तरह की घटना भविष्य में बढ़ न पाए, इसलिए इन्हें रोकने की कोशिश की जाए. सर्पमित्र बंटी शर्मा जो पिछले कई वर्षों से गौ तस्करी करने वालों के चंगुल से न केवल घायल मूक जानवरों को बल्कि अन्य पशु पक्षियों को भी चिकित्सा सेवा अपने खर्चे से करते रहे हैं.

संभावना है कि इन सब बातों के मद्देनजर किसी स्थानीय दलाल ने यह नया तस्करी का रास्ता निकाला हो पुलिस प्रशासन भी इस विषय में गंभीरता से नजर रखें.

# रेती माफिया के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**हिंगनघाट.**

उपविभागीय पुलिस अधिकारी हिंगणघाट के पथक ने रेती माफिया के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस हवलदार नरेंद्र डहाके, अश्विन सुखदेवे और पुलिस सिपाही आकाश कांबले व राकेश इतवारे की टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि वर्धा नदी के कारेगांव घाट से चोरी की गई काली रेत महिंद्रा सरपंच ट्रैक्टर (क्रमांक MH 32 P 3324) में पोहणा की ओर ले जाई जा रही है।

पुलिस ने शिव पांदण रोड पर घेराबंदी कर ट्रैक्टर को रोक लिया। जांच के दौरान पाया गया कि ट्रैक्टर में 1 ब्रास काली रेत बिना रॉयल्टी के ले



जाई जा रही थी। मौके पर ही पुलिस ने पंचनामा कर ट्रैक्टर, ट्रॉली और 1 ब्रास काली रेत सहित कुल 7,57,000 रुपये का माल जब्त कर लिया। आरोपी (1) ओम सुरेश मरसकोल्हे (उम्र 19, निवासी वेणी) और (2) रोशन शेटे (निवासी पोहणा) के खिलाफ वडनेर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अनुराग जैन और अपर पुलिस अधीक्षक सागर कवड़े के मार्गदर्शन तथा उपविभागीय पुलिस अधिकारी हिंगणघाट रोशन पंडित के निर्देशानुसार की गई।



# जनता स्कूल में एक दिवसीय स्काउट-गाइड कैंप संपन्न

**तुमसर.**

स्थानिक जनता हाई स्कूल, तुमसर में जिल्हास्तरीय स्काउट गाइड कैंप की तैयारी के उद्देश्य से एक दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में तीन गटों ने भाग लिया। पहले गट "माँ साहेब जिजाऊ" में किरण भदवे, तोषिक देरकर, दीपशिका ढोमणे, कनक काले , प्रिया पडोले, तन्वी काले, प्राजक्ता भंडाराकार, माही काळे, रिया मानकर और प्रगती ईश्वरकर ने हिस्सा लिया। दूसरे गट "राणी लक्ष्मीबाई" में श्रद्धा निंबारते, प्रणिती वडिभस्मे, जान्हवी बुधे, नंदिनी ढाबाले, शश्रेया तितीरमारे, नयनश्री एखार, निरूपा वाढावे, अंजली बरेकर, सचिका नागरिकर और श्रावणी डोये ने भाग लिया। तीसरे गट "भगत सिंह" में सोहम मोहतुरे, रोहित पाहुणे, हिमांशू पारसगडे, भावार्थ धार्मिक, तीर्थराज प्रत्येके, हितेश मानकर, प्रिन्स पासवान, बादल चौहान, वांशिक भुरे और सोहम नागरे ने भाग लिया।

कैंप की शुरुआत सुबह 8 बजे हुई। इसके बाद झंडा वंदन, टेंट परीक्षण, प्राथमिक उपचार प्रतियोगिता, किम्स प्रतियोगिता, कुकिंग प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम और एक्शन सॉन्ग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्रों को अनुशासन, आत्मविश्वास, आत्मसम्मान, जीवन कौशल, संघ निर्माण और साहसिक गतिविधियों के बारे में मार्गदर्शन दिया गया।

कार्यक्रम में स्काउट मास्टर मनोज गजभिये और गाइड मास्टर संगीता गजभिये ने छात्रों को मूल्यवान मार्गदर्शन प्रदान किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शुभांगी भट्ट, किरण शिंदे और किशोर कापगते की मेहनत रही।

स्कूल के मुख्याध्यापक जी. डी. पटले, पंकज बोरकर, अनिल पंचांभाई सर, हिंगे सर, संग्रामे, बोपचे मॅडम, कटरे मॅडम, खोब्रागडे मॅडम, शिबा शेख, प्रवीण डोंगरे, प्रिया बन्सोड, जादव और शिक्षकेतर कर्मचारी उपस्थित थे। इस कैंप का उद्देश्य छात्रों के सर्वांगीण विकास, नेतृत्व क्षमता, स्वावलंबन और सामाजिक जिम्मेदारी को बढ़ावा देना था।

# आगामी वर्ष में कई त्योहार, मिलेंगी छुट्टियां

**गोंदिया.**

लोगों में यह जानने की उत्सुकता है कि आगामी वर्ष 2025 में कितने शासकीय अवकाश हैं. किस महीने में कौन सा पर्व, त्योहार और जयंती है. आने वाले साल में अप्रैल महीने में लगातार तीन छुट्टियां हैं.

इस बार 12 अप्रैल को दूसरा शनिवार, 13 को रविवार और 14 को सोमवार है, डा. बाबासाहब आंबेडकर की जयंती के चलते लगातार तीन छुट्टियां आ रही हैं. जनवरी और जून दो महीनों में कोई सरकारी छुट्टी नहीं है. चारों छुट्टियां रविवार को पड़ती हैं. 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस, 30 मार्च को गुढीपाड़वा, 6 अप्रैल को रामनवमी और 6 जुलाई को मोहर्रम की चार सरकारी छुट्टियां रविवार को आ रही हैं.

साथ ही दशहरा और महात्मा गांधी जयंती एक ही दिन 2 अक्टूबर को है. आने वाले साल में संक्रांत पर कुल पांच छुट्टियां होगी. इस वर्ष अंगारक चतुर्थी 12 अगस्त, मंगलवार को है.

फिर फरवरी महीने में 19 तारीख को शिव जयंती और 16 तारीख को महाशिवरात्रि की छुट्टी है. मार्च माह में 14 को धूलिवंदन गुढीपाड़वा है. 31 को रमजान ईद है.

मार्च के महीने में तीन छुट्टियां हैं. अप्रैल माह अप्रैल रामनवमी, 10 अप्रैल महावीर जयंती, 14 अप्रैल डा. बाबासाहेब आंबेडकर जयंती, 18 को गुड फ्राइडे इस प्रकार एक माह में चार छुट्टियां हैं.

# जिले में बालविवाह मुक्त भारत बनाने का संकल्प

> रैली और शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन

**गोंदिया.**

नई दिल्ली के विज्ञान भवन में जहां केंद्र सरकार ने बाल विवाह विरोधी 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान शुरू किया है, वहीं जिला प्रशासन ने भी इंडियन सोशल वेलफेयर सोसायटी गोंदिया के सहयोग से जिले में रैली और शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया है.

जिलाधीश कार्यालय में जिलाधीश प्रजीत नायर, पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे, समारोह मे शामिल थे. उप जिलाधीश (सामान्य) मानसी पाटिल, निवासी उप जिलाधीश भैयासाहेब बेहरे, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष देवका खोब्रागड़े, बाल कल्याण समिति सदस्य मनोज राहंगडाले, वर्षा हलमारे, जिला बाल संरक्षण अधिकारी गजानन गोबाडे, इंडियन सोशल वेलफेयर सोसाइटी संचालक अशोक



बेलेकर, जिला समन्वयक आई.एस. डब्ल्यू.एस. ज्ञानेश्वर पटले, चाइल्ड लाइन के विशाल मेश्राम, जिला बाल संरक्षण सेल, चाइल्ड लाइन, किशोर न्याय बोर्ड, पुलिस विभाग, भारतीय समाज कल्याण सोसायटी स्टाफ, समस्त विभाग स्टाफ ने बाल विवाह के खिलाफ शपथ ली. जिले भर के सैकड़ों ग्रामीणों, ग्राम प्रधानों, बाल विवाह संरक्षण अधिकारियों (सीएमपीओ), आशा कार्यकर्ताओं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, शिक्षकों और महिलाओं ने शपथ ली और कार्यक्रम में भाग लिया. महिला व बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बाल विवाह उन्मूलन के लिए 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान की घोषणा की थी और उसी के तहत जिले में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया. उन्होंने देश की सभी ग्राम पंचायतों और स्कूलों को बाल विवाह विरोधी शपथ दिलाई है और इस अभियान से 25 करोड़ लोगों तक पहुंचने की उम्मीद है.

विवाह को ना और शिक्षा को हां कहने की अपीलः इस अवसर पर बाल विवाह की रिपोर्टिंग की सुविधा के लिए एक राष्ट्रीय पोर्टल का भी अनावरण किया गया. जिलाधीश प्रजित नायर ने कहा कि बाल विवाह के दुष्परिणाम लंबे समय तक बने रहते हैं और इस कुप्रथा को खत्म करने के लिए सभी को एक साथ आने की जरूरत है.

गोंदिया जिले वासियों से बाल विवाह को ना और शिक्षा को हां कहने की अपील करता है. बाल विवाह लड़कियों से उनका बचपन, उनका स्वास्थ्य, शिक्षा छीन लेता है, जो भविष्य के लिए खतरनाक है. इसके लिए सभी की जिम्मेदारी है कि अपने आसपास, समाज और घर में होने वाली घटनाओं को प्रशासन के ध्यान में लाएं और ऐसी घटना के खिलाफ आवाज उठाएं.

# इमरजेंसी लोकेटर ट्रांसमीटर मिलने की अफवाह से खलबली

**नागपुर.**

डॉ. बाबासाहब आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय विमानतल के उत्तर-पूर्व हवाई क्षेत्र के बीच (मोहगांव झिल्पी के पास) इमर्जेंसी लोकेटर ट्रांसमीटर मिलने की अफवाह से खलबली मच गई। आम तौर पर इस लोकेटर का उपयोग हवाई जहाज 'क्रैश' होने के बाद बचाव कार्य के लिए किया जाता है। लोकेटर ट्रांसमीटर मिलने से विमान दुर्घटना की आशंका हुई। पुलिस ने हिंगना स्थित मोहगांव



झिल्पी परिसर में 2-3 घंटे तक छानबीन की, जांच में कुछ भी नहीं मिला और यह अफवाह साबित हुई।

मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस कंट्रोल रूप ने तुरंत हिंगना पुलिस को सूचित किया। हिंगना पुलिस की टीम ने समय न गंवाते हुए मोहगांव झिल्पी परिसर में सर्च शुरू कर दिया। करीब 2 से तीन घंटे तक मोहगांव झिल्पी परिसर में लोकेटर को ढूंढा गया, लेकिन पुलिस के हाथ कुछ नहीं लगा।

एटीसी की सूचना के बाद पूरा महकमा काम में लग गया। सवाल उठ रहा है कि क्या सचमुच एटीसी को लोकेटर के सिग्नल मिले थे? किसी भी विमान या हेलीकॉप्टर के साथ दुर्घटना होने के बाद इस विमान की लोकेशन पता कर मदद पहुंचाने के लिए इमरजेंसी लोकेटर ट्रांसमीटर लगाए जाते हैं।

यह यंत्र दुर्घटनाग्रस्त विमान की लोकेशन और जानकारी प्रदान करता है, जिससे यात्रियों तक मदद पहुंचाना आसान हो जाता है। शुक्रवार रात 7.30 से 7.45 बजे के बीच एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) ने पुलिस कंट्रोल रूम को एयरपोर्ट के उत्तर-पूर्व हवाई रेंज में लोकेटर का ट्रांसमिशन मिलने की सूचना दी।

## चोरों ने घर से चुराए सोने-चांदी के सामान

**सौंसर.** वार्ड 14, अशोक मंगल भवन के पास स्थित एक घर में रात के समय चोरी की घटना घटी। मकान मालिक रवि तांडेकर, जो रेमंड कंपनी में नाइट शिफ्ट पर कार्यरत हैं, घर में सोते हुए थे। उनकी पत्नी दिन में बुटीक में काम करने के लिए दोपहर 2:30 बजे घर से चली गईं। पत्नी के जाते ही कुछ समय बाद दो चोर घर में घुसे, जिनमें से एक ने मुंह बांध रखा था, जबकि दूसरा बिना बांधे था।

चोरों ने घर के दूसरे कमरे में रखे चांदी के सिक्के और सोने की कान की बालियां स्टील डिब्बे सहित चुराकर ले गए। चोर मोटरसाइकिल पर सवार होकर फरार हो गए।

# घुमडवार को किया गया सम्मानित

**कुही.**

स्थानीय ग्राम विकास विद्यालय एवं जूनियर कॉलेज के वरिष्ठ शिक्षक प्रदीप घुमडवार को उत्कृष्ट कार्य एवं सेवा के लिए सम्मानित किया गया. विद्यालय से सटे कौशल्या मंगल कार्यालय के हॉल में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष होमदेवराव नागामोटे ने की तथा मुख्य अतिथि संस्था के कोषाध्यक्ष देवेन्द्र बालमवार, प्रतिमा घुमडवार, वरिष्ठ प्राध्यापक मृणाली घुमडवार थे। रानी इंदिराबाई भोसले कॉलेज के डॉ. सिरस कटमुसरे,डॉ. कुही तहसील पत्रकार संघ के कार्यकारी अध्यक्ष हरिदास लुटे, महासचिव निखिल खारले, पत्रकार



गुरुदेव वनदुधे, खुशाल थवकर, कैलास थोटे, सुधीर पडोले सहित प्रवीण लमखड़े, डॉ. दीपक केन, डॉ. माधवी झाडे, प्रो. खेडकर, उद्यमी विजय सार्टकर, सामाजिक कार्यकर्ता राजानंद कावले, सचिन मुधोलकर, ग्राम विकास विद्यालय मंच पर मुख्य रूप से मालनी के प्राचार्य राजेश चव्हाण, अशोक उइके, लेंडे आदि उपस्थित थे। प्रदीप घुमडवार ने पिछले 36 वर्षों से ग्राम विकास विद्यालय में सेवा की है। उन्होंने कई शैक्षणिक, प्रशासनिक, सामाजिक, राजनीतिक, पत्रकारिता और संगठनात्मक गतिविधियों में योगदान दिया है। इस अवसर पर यह बहुमुखी व्यक्तित्व सेवानिवृत्त हुए राष्ट्रपति होमदेवराव नागमोते ने फल, वस्त्र और उपहार देकर पत्नी का अभिनंदन किया. कार्यक्रम का परिचय प्राचार्य देवेन्द्र बालमवार ने दिया। इस अवसर पर शालिक भेंडरकर, प्रो. वैशाली नागमोते एवं गणमान्य व्यक्तियों ने सर के कार्यों की सराहना की तथा कार्यक्रम का संचालन प्रो. सारिका गावंडे ने किया कार्यक्रम की सफलता में प्रवीण पलांदुरकर, प्रो.चेतना कुकड़े, प्रो. निकिता ठाकुर, सोमकुवर, प्रमोद धुर्वे, अनिल फेंडर एवं विद्यार्थियों ने सहयोग किया।

# आदर्श संस्कार विद्यालय में 'ग्रैंड पेरेंट्स डे' का आयोजन

**नागपुर.**

पीपला स्थित आदर्श संस्कार विद्यालय में ग्रैंड पेरेंट्स डे का आयोजन बड़े उत्साह और उमंग के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में बाल वाटिका और कक्षा 1 के विद्यार्थियों के दादा-दादी और नाना-नानी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।



विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर उन्होंने पुरस्कार जीते और बच्चों के साथ अपने संबंधों को और प्रगाढ़ किया। इस आयोजन का उद्देश्य दादा-दादी और नाती-नातिनों के रिश्ते को सुदृढ़ करना था। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की प्राचार्या मानसी देशपांडे और उप-प्राचार्य सुवर्णा राउत ने अपने विचार साझा किए। दादा-दादी और नाना-नानी ने भी मंच पर अपने अनुभव और शुभकामनाएं व्यक्त कीं।


इस विशेष अवसर को सफल बनाने में सभी शिक्षकों ने अथक प्रयास किए, जिसके लिए उनकी सराहना की गई। कार्यक्रम का समापन सभी के उत्साह और खुशी के साथ हुआ।

# डॉ. प्रवीण तोगड़िया आज और कल नागपुर दौरे पर

> महाकुंभ की तैयारियों पर करेंगे चर्चा

**नागपुर.**

अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद (अहिप) के संस्थापक और राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रवीण तोगड़िया 2 और 3 दिसंबर को नागपुर दौरे पर रहेंगे। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य जनवरी में प्रयागराज



में होने वाले महाकुंभ के लिए की जा रही व्यवस्थाओं की समीक्षा और जानकारी साझा करना है।

अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल और राष्ट्रीय महिला परिषद के संयुक्त प्रयास से महाकुंभ में आने वाले सभी हिंदू भक्तों के लिए नि:शुल्क भोजन, नाश्ता, 24 घंटे चाय सेवा और कंबल बैंक की व्यवस्था की जाएगी। इन व्यवस्थाओं के लिए डॉ. तोगड़िया नागपुर के धर्मप्रेमी बंधुओं से मुलाकात करेंगे और उनकी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे।

डॉ. प्रवीण तोगड़िया के इस दौरे में उनके साथ अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के विदर्भ प्रांत कार्याध्यक्ष मोतीलाल चौधरी, प्रांत मंत्री योगेश गायकवाड़, कोषाध्यक्ष वैभव कपूर, राष्ट्रीय बजरंग दल के विदर्भ प्रांत अध्यक्ष अनूप जयसवाल, महामंत्री यजेंद्र ठाकुर, नागपुर जिलाध्यक्ष कौस्तुभ आवले और मंत्री प्रसाद काठीकर भी मौजूद रहेंगे।

यह दौरा नागपुर के हिंदू समाज के साथ महाकुंभ की तैयारियों को संगठित करने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।



**नागपुर.** गौशाला में 56 भोग अर्पण: आज कामठी गौशाला में कृष्णा अर्पण ग्रुप द्वारा आयोजित 56 भोग चढ़ावा कार्यक्रम में कामठी की श्रद्धालु महिलाएं प्रमुखता से मौजूद रहकर पूजा अर्चना में सहयोग प्रदान किए.

# दिव्यांग छात्रों के लिए सामर्थ्य प्रदर्शन

> खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**सौंसर.**

जनपद शिक्षा केंद्र की ओर से शासकीय कन्या उमावि सौसर में दिव्यांग छात्रों के लिए सामर्थ्य प्रदर्शन एवं खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता नगरपालिका अध्यक्ष सुरेखा ताई डागा ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में विधायक विजय चौरे और विशेष अतिथि के रूप में पूर्व स्कूल शिक्षा मंत्री नानाभाऊ मोहोड उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संचालन जनशिक्षक विजय मोहोड और अभिनय घोड़मारे द्वारा किया गया। सौसर विश्व विकलांगता दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न विधाओं की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें दौड़, जलेबी दौड़, रंगोली, चित्रकला,



और सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल थे। विकासखंड के छह जन शिक्षा केंद्रों के प्राथमिक, माध्यमिक और एकीकृत माध्यमिक विद्यालयों से आए छात्रों ने इन प्रतियोगिताओं में भाग लिया। कार्यक्रम में विकासखंड स्त्रोत समन्वयक चैनसा यादव ने दिव्यांग छात्रों का उत्साहवर्धन किया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी भास्कर गावंडे ने दिव्यांग छात्रों को शिक्षा और जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिताओं में चयनित प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और पुरस्कार प्रदान किए गए। 50 मीटर दौड़ में देवांश डकारे, कुर्सी दौड़ में चंद्रशेखर धुर्वे, जलेबी दौड़ में सुष्मिता परतेती, और चिरकला प्रतियोगिता में काव्या पाठे को सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में दिव्यांगों के लिए कार्यरत एनजीओ के शामराव धवले के हाथों सभी चयनित छात्रों को प्रमाण पत्र और पुरस्कार प्रदान किए गए।

इस अवसर पर बीएसी राजेश भोजने, दर्शिका मानकर, मंजुश्री कांबले, एमआरसी देवेंद्र इटूले, संजय कटरे, जनशिक्षक अलकेश पिंपलकर, लीलाराम बावनकर, मोरेश्वर वाठ, अशोक वडस्कर, और पंकज कांबले ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी भूमिका निभाई।

# ज्ञानेश्वर महाराज संजीवनी सोहला कार्यक्रम सफल



**सौंसर.**

शहर के विट्ठल मंदिर में विगत एक सप्ताह से संत ज्ञानेश्वर महाराज का संजीवनी सोहला कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। 30 नवंबर 2024 को आयोजित इस कार्यक्रम में ह.भ.प. सौ. रेखा ताई कंटक द्वारा 25 वर्षों से अपने साथ सहयोगी कन्याओं के साथ ज्ञानेश्वरी पारायण किया जा रहा है। इस वर्ष 75 से अधिक कन्याओं के साथ संपूर्ण पारायण का विक्रम स्थापित किया गया।

कार्यक्रम के समापन के बाद मंदिर ट्रस्ट द्वारा दहलाही एवं महाप्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सोनबा झाड़े ने कार्यक्रम की सफलता की जानकारी दी और ह.भ.प. सौ. रेखा ताई कंटक तथा उनके सहयोगी कन्याओं का आभार व्यक्त किया।

सात दिवसीय इस ज्ञानेश्वर महाराज संजीवनी पारायण कार्यक्रम में अखंड वीणा वादन और अखंड हरिनाम सप्ताह का आयोजन भी किया गया। इस कार्यक्रम में प्रभाकर बोबडे, मंदिर ट्रस्ट कमेटी के सदस्य प्रदीप अंबेडकर, नारायण टेंबे, सोपान बोडखे, शंकर घोड़मारे, सिंधु रेवस्कर, निर्मला बोड़खे, शोभा श्रीखंडे सहित अन्य ट्रस्ट सदस्य सक्रिय रूप से शामिल हुए और उनका सराहनीय सहयोग रहा।

## अन्नकूट उत्सव हुआ संपन्न



सौंसर. श्री बालकृष्ण लालजी गिरिराज धरण की हवेली मंदिर मेहगांव में आज अन्नकूट उत्सव संपन्न हुआ मंदिर में सुबह 10 बजे गोवर्धन पूजा दर्शन 2 बजे से 3:00 तक अन्नकूट उत्सव के दर्शन जिसमें 56 प्रकार के सामग्री का भोग लगाया गया था पश्चात महाप्रसाद हुआ


इस अवसर पर वैष्णव मंडली ने पुष्टिमार्गीय भजन प्रस्तुत किए थे अन्नकूट उत्सव में बड़ी तादाद में वैष्णव संप्रदाय के भावीको ने दर्शन का लाभ लेकर प्रसाद ग्रहण किया सरभराकार वनिता प्रमोद चांडक नागपुर ने आगतो का स्वागत किया

# झाड़ियों में मिली नवजात बच्ची छिंदवाड़ा बाल गृह भेजी गई

> गोद लेने के लिए आवेदन शुरू

**सौंसर.**

एक सप्ताह पूर्व प्रभावती मानेकर स्कूल के पीछे लावारिस अवस्था में झाड़ियां के पीछे डेढ़ माह की बालिका मिली जिसे आज छिंदवाड़ा बाल गृह में भेजा गया एक सप्ताह भर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र






में रही जिसमें विभाग के कर्मचारी एवं स्टाफ ने उसे बच्ची का बहुत देखभाल की इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं पुलिस विभाग एवं स्टाफ सहित बच्ची को छिंदवाड़ा बाल गृह भेजा गया है वही बच्ची को गोद लेने के लिए कई आवेदन आ चुके हैं वही अभी तक बच्ची के माता-पिता को पुलिस विभाग खोज रही है.

## चोरों ने सेंधमारी कर उड़ाया 2.85 लाख का माल

**नागपुर.** जरीपटका थाना क्षेत्र में चोरों ने एक घर में सेंध लगाकर 2.85 लाख रुपये के माल पर हाथ साफ कर दिया. पुलिस ने बेजनबाग निवासी सूरज किसन जनबंधू (45) की शिकायत पर मामला दर्ज किया है. प्राप्त जानकारी के अनुसार 25 नवंबर को सुबह सूरज अपने घर पर ताला लगाकर परिवार के साथ शहर से बाहर गए थे. इसी बीच चोरों ने घर का पिछला दरवाजा खोलकर भीतर प्रवेश किया. बेडरूम की अलमारी से नकद 1.80 लाख रुपये और सोने के जेवरात चोरी कर लिए. सूरज घर लौटे तो चोरी का पता चला और घटना की जानकारी पुलिस को दी. जरीपटका पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच आरंभ की है. आरोपी का पता लगाने के लिए परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है.

# भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक और सम्मान समारोह आयोजित

> नवनियुक्त पदाधिकारियों को किया सम्मानित

**सौंसर.**

भाजपा ने रविवार को सौंसर-मोहखेड़ विधानसभा भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक और सम्मान समारोह आयोजित किया। भाजपा कार्यालय में हुए आयोजन में संगठन महापर्व नवनियुक्त बूथ अध्यक्ष,भाजपा के सक्रिय सदस्य,मंडल एवं जिले के पदाधिकारी और 254 बूथों के अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता का सम्मान किया। कार्यकर्ताओं पर पुष्प वर्षा और भाजपा का दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया। इस अवसर पर पूर्व राज्य मंत्री नाना भाऊ मोहोड़, विधानसभा के संयोजक राजेंद्र भक्ते, प्रभारी रामकृष्ण वाकोडे ,संगठन महापर्व के जिले के सह प्रभारी जिला पंचायत सदस्य संदीप मोहोड़, पिपला मंडल अध्यक्ष सदानंद डोंगरे, लोधीखेड़ा अध्यक्ष प्रभाकर बोबडे, मोहखेड़ मंडल के अध्यक्ष सदन साहू, सौसर मंडल अध्यक्ष दर्शन झाडे, जिला उपाध्यक्ष प्रीतम राउत, जिला महामंत्री राहुल मोहोड़, अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश सदस्य मोरेश्वर मर्सकोले, जनपद अध्यक्ष संजय भूते सावनेर विधानसभा से भाजपा वरिष्ठ नेता मोहन कुंभारे, मदन साहू, विलास घोंघे, लखन डोंगरे, भारती चौरासे उषा भमोरे और कार्यकर्ता उपस्थित थे.



## नाबालिग से देह व्यवसाय करवाने वाली महिला दलाल गिरफ्तार

**नागपुर.** पैसों का लालच देकर गरीब परिवार की नाबालिग बालिका से देह व्यवसाय करवाने के मामले में 3 वर्ष से फरार आरोपी महिला को क्राइम ब्रांच के सामाजिक सुरक्षा विभाग की टीम ने किया है. पकड़ी गई महिला हिलटॉप, पांढराबोड़ी निवासी शिल्पा सुरेश हावरे (25) बताई जा रही है. इस मामले में शिल्पा के साथ सह आरोपी ताजनगर, अजनी निवासी मुन्नीबाई मकसूद पठान (45) को 3 दिन पहले ही अतिरिक्त जिला व सत्र न्यायाधीश ने 20 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है. एसएसबी ने मुन्नी और शिल्पा के खिलाफ अजनी थाने में नाबालिग से दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट और पीटा एक्ट की विविध धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था. 14 जुलाई 2021 की दोपहर एसएसबी की टीम को जानकारी मिली थी कि मुन्नी अपने घर में देह व्यवसाय का अड्डा चला रही है.

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 258-5 | 580-3 |
| श्रीदेवी नाईट | 156-2 | 790-6 |

# सरस्वती विद्यालय जांच में दोषी साबित संस्था को भेजा नोटिस

> बिना अनुमति ले गए पिकनिक

**नागपुर.**

सरस्वती विद्यालय के विद्यार्थियों को वर्धा जिले के बोर धरण में पिकनिक पर ले जा रही बस के पलट जाने से हुई दुर्घटना मामले की जांच में स्कूल प्रबंधन को दोषी ठहराया गया। जांच में शिक्षणाधिकारी की बिना अनुमति विद्यार्थियों को पिकनिक पर ले जाने, एसटी महामंडल की बस ले जाने का नियम दरकिनार कर निजी ट्रैवल्स एजेंसी की बस का उपयोग किए जाने का खुलासा हुआ। जांच रिपोर्ट मिलने पर शिक्षणाधिकारी रोहिणी कुंभार ने शिक्षण संस्था को नोटिस भेजकर मुख्याध्यापक के खिलाफ तत्काल कार्रवाई कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।




### शिक्षाधिकारी कार्यालय से अनुमति की 28 शर्तें

पिकनिक के लिए शिक्षणाधिकारी कार्यालय से अनुमति के लिए 28 शर्तें पूरी करनी पड़ती हैं। विभाग को फाइल भेजने पर दस्तावेजों की पड़ताल करने के बाद अनुमति दी जाती है। एसटी महामंडल की बस से विद्यार्थियों को पिकनिक ले जाना, संस्था व स्कूल कमेटी का मंजूरी प्रस्ताव, प्रथमोपचार सुविधा आदि प्रमुख शर्तों का समावेश है। इन शर्तों को पूरा करने के बाद ही शिक्षणाधिकारी कार्यालय से अनुमति प्रदान की जाती है।

सरस्वती विद्यालय के विद्यार्थियों को पिकनिक ले जा रही बस के साथ दुर्घटना मंगलवार को घटी। इसमें दसवीं कक्षा की एक छात्रा की दर्दनाक मृत्यु हो गई। विद्यार्थी तथा ड्राइवर समेत 44 घायल हो गए। शिक्षणाधिकारी ने उसे गंभीरता लेकर उपशिक्षणाधिकारी को जांच की जिम्मेदारी सौंपी। शुक्रवार को जांच पूरी कर रिपोर्ट शिक्षणाधिकारी को सौंपी गई। शिक्षणाधिकारी की बिना अनुमति लिए विद्यार्थियों को पिकनिक ले जाने व निजी ट्रैवल्स एजेंसी की बस का उपयोग कर नियम का उल्लंघन करने की जांच में पुष्टि हुई है। स्कूल प्रबंधन की लापरवाही पर शिक्षा विभाग ने सख्त रवैया अपनाया है। शिक्षणाधिकारी की ओर से शिक्षण संस्था को नोटिस भेजने पर स्कूल में खलबली मच गई है।

# आबकारी विभाग की अनदेखी

## >4 माह पहले एक्सपायर हुई बियर बेची जा रही है

**सौंसर.**

अगर आप बीयर पीने के शौकीन हैं तो बोतल खरीदते समय सतर्क हो जाइए। बीयर पर मैन्युफैक्चरिंग डेट के साथ होलोग्राम भी चेक कर लीजिए। दरअसल पांढुरना के शहरी इलाके में बिक रही सोम डिस्टलरी की बीयर एक्सपायर हो चुकी हैं। इसे पीने से लिवर और छोटी आंत से जुड़ी गंभीर बीमारी हो सकती है। सारा खेल आबकारी विभाग की नाक के नीचे चल रहा है ।

बता दे कि जिला मुख्यालय के बस स्टैंड स्थित अंग्रेजी शराब दुकान पर ग्राहक को एक्सपायरी डेट की बीयर बेची जा रही है , शनिवार दोपहर ग्राहक ने दो केन बीयर बोतल यहां से खरीदी थी। बीयर बोतल पैकिंग से 6 महीने उपयोग में लाई जा सकती है। बियर की एक्सपायरी डेट से 4 महीने ज्यादा पुरानी थी।

शराब ठेकेदार द्वारा प्रशासन एवं आबकारी विभाग के बिना कोई डर के पांढुर्णा के लोगों के साथ जान का खिलवाड़ कर रहा है , आखिर देखा जाए तो प्रशासन से मिले सहयोग से ही ठेकेदार यह सब कर सकता है।



### आबकारी विभाग की मिलीभगत

शराब ठेकेदार और आबकारी विभाग की मिलीभगत से शहर में अवैध रूप से एक्सपायरी माल बेचा जा रहा है, जिससे आम जनता कि जान से सीधे सीधे खिलवाड़ किया जा रहा है। अगर भविष्य में यह शराब पीने से किसी व्यक्ति को कुछ होता है तो उसका जिम्मेदार कोन होगा

देखा गया है कि जहरीली शराब पीने के कारण कई लोगो कि मौतों होती हैं, ऐसे घटनाओं से शराब ठेकेदार ने कोई सबक नहीं लिया। इसी कारण पांढुरना शहर में शराब के ठेकेदारों द्वारा एक्सपायरी डेट वाली बीयर बेचकर लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है

शराब दुकान संचालक, कंपनी व आबकारी की साठगांठ से शहरी, बाहरी और दूरस्थ इलाकों में इन बोतलों को कम भाव में बेच दिया जाता है। खरीददार अधिकांश एक्सपायरी डेट नहीं देखते हैं, जिससे उनके स्वास्थ्य से खिलवाड़ होता है। इन बोतलों पर लिखा रहता है कि इसे 6 माह के पहले यूज कर लिया जाए।

नियमों के मुताबिक भरने के चार माह के भीतर ही फैक्ट्री से बीयर आबकारी भंडार गृह को सप्लाई हो जाना चाहिए। हालात यह है कि अगस्त में भेजी गई बीयर बाजार में आ चुकी है। इसे पीने में खतरा है। इस मामले में सोम डिस्टलरीज प्रबंधन कोई बात करने को तैयार नहीं है। गौरतलब है कि सोम डिस्टलरी प्रदेश की एक बड़ी शराब निर्माता कंपनी है जो कई ब्रांड की शराब और बीयर बनाती है। कंपनी प्रदेश के अलावा विदेशों में अपने उत्पाद का भेजती हैं।